# विकास का प्रतीक बनेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट : मुख्यमंत्री

## योगी ने 15 नवंबर तक निर्माण कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

- उद्घाटन समारोह स्थल का लिया जायजा, एयरपोर्ट परिसर में प्रधानमंत्री की जनसभा तय
- 3300 एकड़ क्षेत्रफल में प्रथम चरण के तहत एयरपोर्ट को किया गया है विकसित

**जागरण संवाददाता ग्रेटर नोएडा :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनने जा रहा है। एयरपोर्ट के सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे होने चाहिए। वह शनिवार को एयरपोर्ट पर निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे थे। उन्होंने डोमेस्टिक टर्मिनल, एयरपोर्ट उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

नोएडा एयरपोर्ट बोर्ड रूम में अधिकारियों ने एयरपोर्ट परियोजना के अब तक हुए निर्माण कार्यों और आगे की कार्ययोजना के बारे में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण पूरा करने के लिए 15 नवंबर तक का समय दिया है। सूत्रों की मानें तो नवंबर के अंतिम सप्ताह या फिर दिसंबर में प्रधानमंत्री से समय मिलते ही एयरपोर्ट का उद्घाटन कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुंदरीकरण, स्वच्छता के साथ यात्री सुविधा, यातायात और सुरक्षा प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने एयरपोर्ट से जुड़ी कनेक्टिविटी परियोजनाएं सड़क और मेट्रो लिंक समय पर पूरे करने पर भी जोर दिया।

**नोएडा एयरपोर्ट से प्रतिदिन हो सकेंगी 150 उड़ानें संचालित:** प्रथम चरण में 3300 एकड़ क्षेत्रफल में एयरपोर्ट विकसित किया गया है, जबकि कुल 6700 एकड़ भूमि का अब तक अधिग्रहण किया जा चुका है। शेष 5100 एकड़ भूमि अगले तीन माह में अधिगृहीत की जाएगी। 5000 करोड़ जमीन की खरीद पर खर्च किए गए हैं। एयरपोर्ट निर्माण की लागत 7000 करोड़ है। उद्घाटन के समय एयरपोर्ट एक रनवे के साथ क्रियाशील होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 1.2 करोड़ होगी। एयरपोर्ट से औसतन प्रतिदिन 150 उड़ानें संचालित होंगी। भविष्य में यात्रियों की संख्या एक करोड़ से अधिक होने पर दूसरे रनवे का निर्माण शुरू होगा। 11,750 एकड़ में तैयार होने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कुल पांच रनवे होंगे और प्रतिवर्ष 30 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा।



पीएम को एयरपोर्ट के उद्घाटन का दिया न्योता : नई दिल्ली में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भेंट की व उनसे नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन करने का अनुरोध किया ● एएनआइ

### मोदी से मिले योगी, एयरपोर्ट के उद्घाटन का दिया न्योता

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री को जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी व नवंबर में उसके उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। नवंबर में उनका अयोध्या आने का भी कार्यक्रम है। देखें » 9